Rehabilitation of families displaced due to establishment of Aluminium Complex in Orissa

2173. SHRI GANESHWAR KUSUM: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) the total number of families displaced following the establishment of Aluminium Complex by the National Aluminium Company at Damanjodi and Angul in Orissa; and

(b) the details of the steps taken for the rehabilitation of those displaced families?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF MINES IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRIMATI RAM DULARI SINHA): (a) Three hundred seventy five families have so far been displaced on account of establishment of the Alumina Complex at Damanjodi.

Nineteen families have been displaced at Angul on account of establishment of the Aluminium Complex.

(b) The families who have been displaced in Damanjodi have been provided with a residential unit each in the rehabilitation colony near Damanjodi. Two hundred forty persons belonging to these families have so far been given employment directly under National Aluminium Company (NALCO) and further twenty five persons are under training with a view to making them employable in the Company.

In Angul one person from each displaced family has been provided with direct employment in NALCO.

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा एशियाड खेल गांव में दुकानों की नीलामी

2174. **श्री राम नरेश कुशवाहा :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण ने 20 जनवरी, 1987 को एशियाई खेल गांव में कुछ दुकानों की नीलामी की थी जिसमें ऊंची बोली लगाने वाले व्यक्तियों से 25 प्रतिशत धनराशि उसी समय जमा कराने और बाकी एक महीने के अन्दर जमा कराने के लिये कहा गया था;

(ख) क्या यह भी सच है कि कुछ आबंटितियों ने धनराशि का कुछ भाग एक महीने के अन्दर जमा करा दिया था तथा बाकी रकम की अदायगी अगल महीने में कर दी थी तथा पूरी रकम जमा करा देने के बावजूद अधिकारीगण इस सम्पूर्ण राशि में से 25 प्रतिशत राशि काट कर बाकी 75 प्रतिशत उन्हें वापिस करके उनके आबंटन को रद्द करने की योजना बना रहे हैं ; और

(ग) यदि हां, तो जिन व्यक्तियों ने विलम्ब से अदायगी की थी और जिन्होंने सम्पूर्ण राशि भी जमा करा दी है क्या सरकार उनको दुकानों का कब्जा बहाल कराने के संबंध में दिल्ली विकास प्राधिकरण को आदेश जारी करने का विचार रखती है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी।

इस्पात उद्योग को हानि

2175. **श्री अजीत सिंह :** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस्पात के उत्पादन की लागत बढ़ जाने से इस उद्योग में हानि हो रही है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और सरकार ने इस हानि से इस उद्योग को बचाने के लिए क्या उपाय किये हैं ?